# सुजानपुर कॉलेज में छात्रवृत्ति परिचय एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम-2026 का आयोजन



जानकारी प्राप्त करते महाविद्यालय सुजानपुर के छात्र।

**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर, 11 अगस्त : ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में छात्रवृत्ति परिचय एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के साथ भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों की जानकारी दी और भविष्य को सुदृढ़ बनाने के लिए इन अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। डॉ. राजीव भंडारी ने विद्यार्थियों को योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी प्रो. अरविंद कुमार ने पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न छात्रवृत्तियों, आवेदन प्रक्रिया और उपयुक्त छात्रवृत्ति के चयन की जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के करीब 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रो. प्रमोज शर्मा, राजेश खरवाल, राजीव कुमार, अरविन्द कुमार, शशि शर्मा, मितुल, संदीप, साहिल, नीना, बनिता, आरती, रूबी, आशु और प्रो. अंजू उपस्थित रहीं।